प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

रांची स्थित लोकभवन में कल राज्य के नवनियुक्त लोकायुक्त सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार गुप्ता का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। सुबह साढ़े 11 बजे एक समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य के कई गणमान्य अतिथि और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। लोकायुक्त की नियुक्ति से राज्य में भ्रष्टाचार के विरुद्ध चल रहे अभियानों और पारदर्शिता को और मजबूती मिलने की उम्मीद है।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने महिला आरक्षण अधिनियम को लेकर विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है, जिसे देश की बेटियां बर्दाश्त नहीं करेंगी। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिलाओं से किया हर वादा पूरा किया है और इसी विकास से विपक्ष परेशान है। आज देशभर की महिलाओं में विपक्ष के रवैये को लेकर भारी आक्रोश है।

****

इधर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार पर पलटवार किया है। राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस नेता दीपिका पांडेय सिंह ने आरोप लगाया है किसरकार केवल सत्ता में बने रहने के लिए यह बिल लेकर आयी है। कांग्रेस नेता का कहना है कि बिना जाति जनगणना के इस कानून को लागू करना एसी–एसटी और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के हक को मारने जैसा है।

****

इस बीच महिला आरक्षण बिल के लोकसभा में गिरने के विरोध में भाजपा ने 25 अप्रैल को रांची में आक्रोश मार्च निकालने की भी घोषणा की है। इस सिलसिले में रांची के ओरमांझी में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहु की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गयी। इस मौके पर श्री साहु ने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं के हक के साथ विश्वासघात किया है।

****

कोडरमा के 25वें पुलिस अधीक्षक के रूप में कुमार शिवाशीष ने आज पदभार संभाल लिया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि अपराध मुक्त जिला और बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था उनकी प्राथमिकता है। एसपी ने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने और ट्रैफिक पुलिस को स्पेशल ट्रेनिंग देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और आम लोगों को बेवजह परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

****

चतरा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चल रही होमगार्ड बहाली प्रक्रिया का आज उपायुक्त रवि आनंद ने निरीक्षण किया। उपायुक्त ने अधिकारियों को पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष रखने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, चिकित्सा और छाया जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि यह युवाओं के लिए बड़ा अवसर है, इसलिए विधि–व्यवस्था और संवेदनशीलता के साथ इस प्रक्रिया को पूरा किया जाए।

****

राज्य में आज मौसम का दोहरा मिजाज दिख रहा है। उत्तर–पूर्वी जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट है, तो वहीं पलामू, गढ़वा, चतरा और लातेहार में भीषण हीट वेव की चेतावनी जारी की गई है। डालटनगंज में पारा 43 दशमलव 9 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक रांची और धनबाद समेत

मध्य झारखंड में मौसम शुष्क रहने और लू चलने की संभावना व्यक्त की है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

****

लोहरदगा के बीएस कॉलेज स्टेडियम में आज से लोहरदगा प्रीमियर लीग टी–20 क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच शुरू हो गया है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 26 अप्रैल को खेला जाएगा।

********समाप्त*************